भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अंतारांकित प्रश्न संख्या: 146
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 22 जुलाई, 2024
31 आषाढ़, 1946 (शक)

वेल्लोर के किले का संरक्षण और परिरक्षण

146. श्री डी.एम. कथीर आनंद :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु के वेल्लोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वेल्लोर किले और अन्य केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों के रखरखाव, सुरक्षा के लिए निधिया अवंटित की है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत पाँच वर्षो के दौरान वर्ष-वार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई;

(ग) क्या यह सच है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक मंच को अपनी बैठकों के लिए मैदान का उपयोग करना रोक दिया है; और

(घ) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक मंच को मैदान में अपनी बैठकें आयोजित करने की अनुमति देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिह् शेखावत)

(क) और (ख): सरकार ने तमिलनाडु के वेल्लोर संसदीय क्षेत्र में वेल्लोर किले और अन्य केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण और संरक्षा के लिए धनराशि आवंटित की है। पिछले पांच वर्षों के दौरान आवंटित धनराशि का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग): जी, नहीं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने राज्य सरकार या आम जन को उनकी बैठकों के आयोजन के लिए मैदान का उपयोग करने के लिए रोक नहीं लगाई है ।

(घ): ऐसी अनुमतियां प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल एवं अवशेष नियम,1959 के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अधीन दी जाती हैं ।

अनुबंध

लोकसभा में दिनांक 22.07.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 146 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

क्रम सं.	स्मारक का नाम	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
		(राशि रु. में)				
1.	वेल्लोर किला	52,78,140	7,35,824	72,87,064	1,30,47,228	1,31,28,321
2.	वेल्लोर किले के अंदर पुरानी मस्जिद	1,24,386	85,612	2,68,129	2,02,043	1,41,760
3.	जलकान्तेश्वर मंदिर, वेल्लोर	27,96,049	1,90,929	26,76,655	6,57,130	35,71,991

*****